# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## शुक्रवार, तिथि 20 जुलाई, 1990 ई०

### भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में शुक्रवार, तिथि 20 जुलाई, 1990 ई० को पूर्वाह्न 11.00 बजे अध्यक्ष श्री गुलाम सरवर के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

पटना
तिथि 20 जुलाई, 1990 ई०

चन्द्रशेखर शर्मा
सचिव
बिहार विधान-सभा, पटना

---

सरकार कब तक उक्त कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है?

---

## पथ का कालीकरण

1677. श्री टेक लाल महतो : क्या मंत्री योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि हजारीबाग जिलान्तर्गत विष्णुगढ प्रखण्ड के बनासों गालोवार पथ के कालीकरण साढ़े चार कि॰मी॰ की स्वीकृति वर्ष 87-88 में जिला योजना द्वारा दी जा चुकी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के कालीकरण हेतु लोक निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल, हजारीबाग को प्रशासनिक स्वीकृति के साथ राशि अपलब्ध जून, 89 में करायी गयी है, किन्तु पथ का

प्रभारी मंत्री :

(1) उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। जिला योजना एवं विकास परिषद् की दिनांक 23-3-88 की बैठक में जिला योजना के तहत हजारीबाग जिलान्तर्गत विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बनासों गालोवार मात्र तीन कि॰मि॰ पथ पक्कीकरण की योजना स्वीकृत की गई है।

(2) उत्तर अस्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल हजारीबाग द्वारा उक्त योजना के प्राक्कलन पर प्रशासनिक स्वीकृति 21-2-90 को प्राप्त होने के पश्चात पत्रांक 20(ख)

कालीकरण दिनांक 22-6-90 तक नहीं हो पाया है;

मु० दिनांक 29-5-90 द्वारा कार्यपालक अभियंता, पंथ प्रमण्डल, हजारीबाग को पूर्व आवंटित राशि से इस योजना के कार्य को यथाशीघ्र प्रारम्भ करने का आदेश दिया जा चुका है।

(3) यदि उपर्युक्त आंकड़ों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार दोषी अधिकारियों को दंडित करते हुए उक्त पथ का कालीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक और नहीं तो क्यों?

(3) योजना को मार्च 91 तक पूरा करने का प्रयास किया जायगा। चूंकि योजना की प्रशासनिक स्वीकृति इसी वर्ष प्रदान की गयी तथा कार्यान्वित कराने का आदेश दिया गया है, अतः अधिकारियों को दंडित करने का प्रश्न नहीं उठता है।

---

## स्वाथ्य केन्द्र की स्थापना

**1684. श्री विधासागर निषाद :** क्या मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

**श्री रघुनाथ झा :**

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परवत्ता प्रखंड के भरतखंड (नवालाख) ग्राम में स्वास्थ्य

(1) स्वास्थ्य विभाग में पत्रांक 1003(21) दिनांक 13-9-89 के द्वारा उप विकास आयुक्त, खगड़िया एवं असैनीक शल्य